कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर

कमांक :–शिविरा / माध्य / छाप्रोप्र / सी / 60115 / इन्सपायर अवार्ड / 2020–21 / दिनांक : 03.09.2021

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
माध्यमिक – मुख्यालय
एवं
समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

स्मरण पत्र– II

विषय :– इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना के अन्तर्गत E-MIAS Portal पर सत्र 2021–22 के लिए विद्यार्थियों हेतु ऑनलाईन नॉमिनेशन प्रारंभ करवाने हेतु दिशानिर्देश।

प्रसंग :– शासन उप सचिव के पत्र कमांक प 17(1) शिक्षा–1 / 2009 पार्ट 2 दिनांक 29.07.2021 एवं इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 20.07.2021एवं 25.07.2021

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि **विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, नई दिल्ली एवं National Innovation foundation (NIF),Gandhinagar(Gujarat)** द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के स्कूली विद्यार्थियों (आयुवर्ग 10–15 वर्ष) में सृजनात्मक / नवाचारी सोच विकसित करने के उद्देश्य से **इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना (Million Minds Augmenting National Aspiration and Knowledge)** का संचालन किया जा रहा है। यह योजना देश भर से स्कूली विद्यार्थियों के ऐसे श्रेष्ठ मौलिक / सृजनात्मक विचारों को सम्बल प्रदान करती है जो कि समाजिक आवश्यकताओं एवं उपयोगिता की कसौटी पर खरे उतरते हैं। प्रासंगिक पत्र द्वारा सूचित किया गया है **कि E-MIAS (https://www.inspireawards-dst.gov.in/Default.aspx) पोर्टल पर वर्ष 2021–22 हेतु विद्यार्थियों के लिए ऑनलाईन नॉमिनेशन प्रारम्भ करने की दिनांक 15 जुलाई, 2021 से 15 अक्टूबर 2021** तक निर्धारित की गई है। आप अपने जिले / ब्लॉक के **(माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अधीन संचालित विद्यालयों)** के संस्था प्रधानों को निर्देशित करते हुए प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ नवाचारी विचार प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों का नोमिनेशन अनिवार्यतः करवाना सुनिश्चित करें इस हेतु निम्नांकित बिन्दुओ का विशेष ध्यान रखें :–

1. **संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे कि विद्यालय स्तर पर इस योजना के प्रभावी कियान्वयन हेतु अपने विद्यालय के एक शिक्षक को इंसपायर प्रभारी (मेन्टर शिक्षक) नियुक्त किया जावे जो कि इन्सपायर अवार्ड–मानक योजना से सम्बधित सम्पूर्ण गतिविधियों के प्रभावी संचालन हेतु उतरदायी होगा। अपने जिले के समस्त सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में नियुक्त इंसपायर प्रभारी (मेन्टर शिक्षक) की एक्सेल सूची (मेन्टर शिक्षक का नाम ,पद, विद्यालय का नाम, ब्लॉक का नाम, जिले का नाम, मोबाइल नम्बर) बनाकर अपने जिले की संकलित करके इस कार्यालय को तत्काल उपलब्ध करावें।**
2. आपके जिले के वे विद्यालय जो कि E-MIAS Portal (https://www.inspireawards-dst.gov.in/Default.aspx) पर रजिस्टर्ड नहीं हैं उनके संस्थाप्रधानों को निर्देशित करें कि वे स्वयं अपने विद्यालय का ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन उक्त पोर्टल पर आवश्यक रूप से तत्काल करावें। सुनिश्चित करें कि आपके क्षेत्र का कोई विद्यालय इस प्रकिया में छूट न जाए।

   उक्त प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रत्येक विद्यालय के लिए U-DISE Code (Unified District Information System for Education) को अनिवार्य रूप से शामिल करने का निर्णय लिया गया, क्योकि यह एक अद्वितीय कोड (Unique Code) है जो प्रत्येक विद्यालय के लिए Unique Code होगा। E-MIAS Portal पर पंजीकृत (Registered) एवं अपंजीकृत (Un-Registered) समस्त विद्यालय (All Government or Private, Aided or Unaided form any National or State Education Board) पोर्टल पर अपने विद्यालय लॉगईन ID से U-DISE Code को जोड़ने एवं अपडेट करने का कार्य अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें। E-MIAS Portal पर अपनी लॉगईन ID से (U-DISE Code, E-Mail Verification & Other Important details etc.) का अपडेशन एवं सत्यापन करवाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें।
3. सत्र 2021–22 के Online Nomination 15 July,2021 से आरंभ किए जा चुके हैं अतः समस्त संस्थाप्रधानों को निर्देशित करे कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थी का ऑनलाईन नॉमिनेशन

Scanned by CamScanner

(www.inspireawards-dst.gov.in) उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए श्रेष्ठ मौलिक/सृजनात्मक नवाचारी विचार की गुणवत्ता/श्रेष्ठता के आधार पर किया जावे न कि उसके द्वारा परीक्षाओं में अर्जित प्राप्तांकों के आधार पर तथा प्रत्येक विद्यालय से 05 श्रेष्ठ मौलिक/सृजनात्मक विचारों को E-MIAS web portal (https://www.inspireawards-dst.gov.in/Default.aspx) पर अपलोड अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें।

4. विद्यार्थियो को ऑनलाईन नॉमिनेट करते समय उसके द्वारा प्रस्तुत सृजनात्मक/नवाचारी विचार का सारांश (Synopsis) अपलोड करना आवश्यक है। यह सारांश word या pdf format मे हो सकता है। इसको अपलोड न करने की स्थिति मे विद्यार्थी के नवाचारी विचार का चयन योजना मे नही किया जा सकेगा ।

5. वर्तमान में Covid-19 वैश्विक महामारी के कारण विद्यार्थी विद्यालय नहीं जा पा रहे है। अतः इस समय विद्यार्थी Best Innovative Ideas का सृजन कर सकते हैं उन्हे अधिक से अधिक प्रोत्साहित कर संरथा प्रधान के माध्यम से ऑनलाईन नॉमिनेशन सबमिट करवायें ।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

कमांक :–शिविरा/माध्य/छाप्रोप्र/सी/60115/इन्सपायर अवार्ड/2020–21/ दिनांक : 03.09.2021
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :–

1. संयुक्त सचिव,विज्ञान एवं प्रौघोगिकी विभाग, विज्ञान एवं प्रौघोगिकी मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली।
2. शासन उप सचिव प्रथम शिक्षा(ग्रुप–1)विभाग राजस्थान सरकार,जयपुर।
3. डॉ.विपिन कुमार,निदेशक, National Innovation foundation (NIF),Gandhinagar(Gujarat).
4. Sh.Mahesh Patel,National Innovation Coordinator/Scientist G, National Innovation Foundation (NIF)- India
5. निजी सचिव, निदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान,बीकानेर।
6. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा को भिजवाकर लेख है कि आप अपने अधीनस्थ समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) को उक्त समस्त कार्यवाही करने हेतु पाबन्द करें।
7. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा को प्रभावी प्रबोधन हेतु।
8. अनुभाग अधिकारी कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करवाने बाबत्।
9. रक्षित पत्रावली।

प्रभारी अधिकारी
छात्रवृति अनुभाग
माध्यमिक शिक्षा राजस्थान
बीकानेर

Scanned by CamScanner